प्रैसनोट

कार्यालय महानिदेशक,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मुख्यालय जयपुर

एसीबी ने तहसीलदार,सहायक लेखा अधिकारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

तहसील बनेडा के पंजीयन लिपिक लक्ष्मीनारायण हुए फरार

जयपुर 23 सितंबर 2019। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) जयपुर देहात एवं भीलवाड़ा एसीबी टीम ने सोमवार को संयुक्त कार्यवाही करते हुए ए जी ऑफिस जयपुर में कार्यरत सहायक लेखा अधिकारी (AAO) किशन चंद को 1.1 लाख रुपए एवं तहसील-बनेठा,जिला भीलवाड़ा में पदस्थापित तहसीलदार शंकर सिंह राठौड़ को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। तहसील बनेठा के पंजीयन लिपिक लक्ष्मीनारायण जो फरार हो गए को 10 हजार रुपए की रिश्वत की राशि की मांग करने का आरोपी माना।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिरीक्षक श्री दिनेश एमएन ने बताया कि जयपुर निवासी परिवादी ने एसीबी में यह शिकायत दी कि भीलवाड़ा में उसके जमीन की 11 लाख रुपए स्टांप ड्यूटी बकाया निकाल दिया गया जिसको क्लियर कराने की एवज में ए जी कार्यालय जयपुर में कार्यरत सहायक लेखा अधिकारी(ऑडिट सेल) किशन चंद उक्त बकाया राशि का 10 प्रतिशत रिश्वत के रूप में मांग कर रहा है। तहसीलदार बनेठा शंकर सिंह राठौड़ भी 50 हजार रुपए की रिश्वत की राशि की मांग कर रहा है एवं उनके कार्यालय में कार्यरत पंजीयन लिपिक लक्ष्मीनारायण भी बकाया राशि सेटल करने की एवज में 10 हजार रुपए की रिश्वत की राशि की मांग कर रहा है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयपुर देहात श्री नरोत्तम वर्मा के नेतृत्व में उक्त मांग का सत्यापन कर आज ट्रैप कार्रवाई के दौरान एजी ऑफिस में कार्यरत किशन चंद को 1.1 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा श्री ब्रजराज ने इसी मामले

में बनेठा तहसीलदार शंकर सिंह को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया एवं पंजीयन लिपिक लक्ष्मी नारायण जो फरार हो गए उसकी एसीबी तलाश कर रही। साथ ही एसीबी द्वारा जयपुर एवं भीलवाड़ा में आरोपियों के निवास स्थान पर सर्च कार्रवाई भी की जा रही है।